अध्याय 23

सारा की मृत्यु

अध्याय 23 सारा की मृत्यु का वर्णन करता है, और उसके आगे अब्राहम उसे मिट्टी देने के लिए उपयुक्त स्थान की खोज करता है। हेब्रोन में हित्तियों के पुत्रों से मोल भाव करने के बाद, मकपेल की गुफ़ा को खरीदा और अपनी प्रिय पत्नी को उसी प्रतिज्ञा की भूमि में अंतिम विदाई दी।

सारा की मृत्यु और अब्राहम का विलाप करना (23:1, 2)

[1]सारा तो एक सौ सत्ताईस बरस की अवस्था को पहुंची; और जब सारा की इतनी अवस्था हुई; [2]तब वह किर्यतर्बा में मर गई। यह तो कनान देश में है, और हेब्रोन भी कहलाता है: सो अब्राहम सारा के लिये रोने पीटने को वहां गया।

आयत 1. भले ही उत्पत्ति की किताब **सारा के अंतिम दिनों** के विषय में ज़्यादा खुलासा नहीं करता, वह इतिहास के वृत्तांत में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। वह बाइबल की इकलौती ऐसी स्त्री है जिसके जीवन काल के बारे में बाइबल के लेखकों ने लिख कर उसे सम्मानित किया है। जब इसहाक का जन्म हुआ तब वह नब्बे वर्ष की थी (17:17; 21:1, 2) और जब उसने अब्राहम से इश्माएल और हाजिरा को निकालने के लिए कहा था तब वह तिरानवे वर्ष की थी (21:8-10)। लेखक ने उसके जीवन के अंतिम चौंतीस वर्ष को पार करके सीधे इस बात की जानकारी दी कि वह **एक सौ सत्ताईस वर्ष** की हो कर मर गयी। दूसरी तरफ़, अब्राहम का जीवन भी कुछ इसी तरह गुज़रा, पिछले अड़तीस सालों के उसके जीवन काल में (वर्ष 137-175) केवल दो घटनाओं का वर्णन मिलता है: इसहाक के लिए पत्नी का चुनाव (24:1-67) और कतूरा से अब्राहम का विवाह (25:1-10)। हालाँकि बाद में हुई घटनाओं का घटनाक्रम निश्चित नहीं है (देखें पर टिप्पणी 25:1)।

आयत 2. जिस जगह पर **सारा की मृत्यु** हुई वह **किर्यतर्बा** कहलाती थी, जिसका अर्थ है "चार का शहर" इस सन्दर्भ में नाम के महत्व को लेकर कई अटकलें लगाई गयी हैं। जिनमें से दो दिलचस्प संभावनाएं यह हैं: (1) यह वह शहर था जहाँ "हित्ती विभिन्न लोगों के सम्मिश्रण के साथ चार के शहर में"[1] एक चौथाई हिस्से या एक इलाके में निवास कर रहे थे। (2) दूसरा विकल्प यह है, जिसकी होने की संभावना ज़्यादा है, कि यह नाम उस इलाके में पाए जाने वाले

चार परिवारों के संगठन या समझौते को दर्शाता है (जिसमें दास/नौकर और उनका परिवार भी शामिल है): आनेर, एश्कोल, मामे्र, और हेब्रोन (देखें 14:13)[2] बीतते समय के साथ हेब्रोन अधिक प्रबल और हावी गया क्योंकि शायद दूसरे परिवार अपने लोगों और जानवरों के साथ किसी अन्य स्थान में चले गए जैसे की लूत भी (13:12; 14:12), शायद हेब्रोन की तरफ़ चला गया होगा, अपने परिजनों को ग्रामीण इलाकों में छोड़ कर कि वे अपने जानवरों और लोगों की देख भाल कर सकें। जब यह वृत्तांत लिखा गया था, लेखक ने अपने इस्राएली पाठकों को यह स्पष्ट कर दिया था कि "किर्य-तर्बा" **हेब्रोन** का पुराना नाम है (देखें यहोशू 14:15; न्यायियों 1:10)। वह इसकी पहचान **कनान देश** के रूप में भी करता है।

बाइबल बताती है कि **अब्राहम सारा के लिए रोने पीटने को वहाँ गया**, जिसका अर्थ यह है की वह उस तम्बू में गया जहाँ उसका शव रखा हुआ था। उन दिनों में विलाप का रिवाज मृतक के शव की उपस्थिति में ही किया जाता था, जिसमें ज़ोर-ज़ोर से रोना कपड़े फाड़ना, सर पर धूल डालना, टाट ओढ़ना और उपवास करना शामिल था (2 शमूएल 1:11, 12; 13:31; अय्यूब 1:20; 2:12, 13; देखें लैव्य. 21:5, 10)। अब्राहम के विलाप प्रक्रिया में शायद यह सारी बातें शामिल नहीं थी क्योंकि बाइबल 23 अध्याय में सिर्फ रोने पीटने का ज़िक्र करती है।[3]

अब्राहम द्वारा कब्रिस्तान के लिए भूमि खरीदना (23:3-16)

[3]तब अब्राहम अपने मुर्दे के पास से उठ कर हित्तियों से कहने लगा, [4]मैं तुम्हारे बीच पाहुन और परदेशी हूं: मुझे अपने मध्य में कब्रिस्तान के लिये ऐसी भूमि दो जो मेरी निज की हो जाए, कि मैं अपने मुर्दे को गाड़ के अपने आंख की ओट करूं। [5]हित्तियों ने अब्राहम से कहा, [6]हे हमारे प्रभु, हमारी सुन: तू तो हमारे बीच में बड़ा प्रधान है: सो हमारी कब्रों में से जिस को तू चाहे उस में अपने मुर्दे को गाड़; हम में से कोई तुझे अपनी कब्र के लेने से न रोकेगा, कि तू अपने मुर्दे को उस में गाड़ने न पाए। [7]तब अब्राहम उठ कर खड़ा हुआ, और हित्तियों के सम्मुख, जो उस देश के निवासी थे, दण्डवत करके कहने लगा, [8]यदि तुम्हारी यह इच्छा हो कि मैं अपने मुर्दे को गाड़ के अपनी आंख की ओट करूं, तो मेरी प्रार्थना है, कि सोहर के पुत्र एप्रोन से मेरे लिये विनती करो, [9]कि वह अपनी मकपेला वाली गुफ़ा, जो उसकी भूमि की सीमा पर है; उसका पूरा दाम ले कर मुझे दे दे, कि वह तुम्हारे बीच कब्रिस्तान के लिये मेरी निज भूमि हो जाए। [10]और एप्रोन तो हित्तियों के बीच वहां बैठा हुआ था। सो जितने हित्ती उसके नगर के फाटक से हो कर भीतर जाते थे, उन सभों के सामने उसने अब्राहम को उत्तर दिया, [11]कि हे मेरे प्रभु, ऐसा नहीं, मेरी सुन; वह भूमि मैं तुझे देता हूं, और उस में जो गुफ़ा है, वह भी मैं तुझे देता हूं; अपने जाति भाइयों के सम्मुख मैं उसे तुझ को दिए देता हूं: सो अपने मुर्दे को कब्र में रख। [12]तब अब्राहम ने उस देश के निवासियों के सामने दण्डवत की। [13]और उनके सुनते हुए एप्रोन से कहा, यदि तू ऐसा चाहे, तो

मेरी सुन: उस भूमि का जो दाम हो, वह मैं देना चाहता हूं; उसे मुझ से ले ले, तब मैं अपने मुर्दे को वहां गाडूंगा। 14एप्रोन ने अब्राहम को यह उत्तर दिया, 15कि, हे मेरे प्रभु, मेरी बात सुन; एक भूमि का दाम तो चार सौ शेकेल रूपा है; पर मेरे और तेरे बीच में यह क्या है? अपने मुर्दे को कब्र में रख। 16अब्राहम ने एप्रोन की मानकर उसको उतना रूपा तौल दिया, जितना उसने हित्तियों के सुनते हुए कहा था, अर्थात चार सौ ऐसे शेकेल जो व्यापारियों में चलते थे।

आयत 3. मध्य पूर्वी इलाके अत्यधिक गर्म होते हैं, वहां शव जल्दी सड़ने लगते हैं, इसलिए चौबीस घंटों के अन्दर ही मृतक शरीर कि गाड़ना आवश्यक होता था। इसलिए, छोटे पर उचित विलाप के पूरे होने के बाद **अब्राहम शव के पास से उठकर** हेब्रोन के **हित्तियों** से कहने लगा और निवेदन किया कि वे सारा के दफ़नाने के लिए कोई भूमि उसे दें।

23:10 में "हित्ती के पुत्रों" को हित्ती कहा जाता था; फिर भी उनकी ऐतिहासिक पहचान पर विद्वानों में मतभेद है। प्राचीन काल में बहुत से लोगों के समूह हित्तियों के नाम से जाने जाते थे।

सबसे प्रथम, ऐतिहासिक हित्तियों में इंडो-यूरोपियन लोगों की गिनती होती है, जिन्होंने लगभग 2000 ई.पू. में अनातोलिया (आज का तुर्की) में एक सामर्थी साम्राज्य खड़ा किया था। उनका राज्य 1200 ई.पू. में तब तक बना रहा जब तक एजियन "समुद्री लोगों" द्वारा उसपर चढ़ाई नहीं की। बहुत से बाइबल के विद्वान ऐसा मानते हैं कि यह समुद्री लोग वास्तव में बाइबल में वर्णित पलिश्ती लोगों से सम्बंधित है, जिन्होंने कुछ उसी काल में कनान जाकर वहीं के पाँच बड़े शहरों में खुद को स्थापित कर लिया था।[4]

दूसरा, यह भी उत्तर सीरिया में निओ-हित्ती शहर-राज्य का ज़िक्र करता है, जो "लबानोन" और "बड़े समुद्र" (भू मध्य सागर) से "फरात नदी" (केंद्र जैसे कार्चेमिश, अलेप्पो, हमाथ, और अन्य) ने निकलता था। यहोशू की किताब इस जगह का ज़िक्र "हित्ती की सारी भूमि" के रूप में करती है (यहोशू 1:4)। इसलिए ऐसा लगता है कि, हित्ती के राज्य का यह केंद्र मूल अनातोलियन राज्य से निकला है, और मेगिद्दो में कुछ हित्ती सुराही की खोज के द्वारा ये कहा जा सकता है कि उनका अस्तित्व कनाना की भूमि में 1650 ई.पू. जितना प्राचीन है। इस के साथ-साथ पुरातत्त्ववेत्ता ने कुछ और जगहों से हित्ती चित्र लिपि सील और आभूषणों प्राप्त किए हैं, जो कुछ 1700 से 1600 ई.पू. के हैं।[5]

मिस्र के अब्दुहेबा (या अब्दिहेबा) में टेल एल-अमरना के संग्रह के चौदह शताब्दी लेख, फ़िरौन ने शहर पर आक्रमण करने वालों के खिलाफ़ यरूशलेम के राजा से सैनिक सहायता के लिए अनुरोध किया था। राजा के नाम का पहला भाग "अब्दी" एक यहूदी शब्द है जिसका अर्थ है "सेवक या दास" और "हेबा" हित्ती या हुर्रियाँ देवी थी।[6] इस प्रकार भले ही पुरातत्व विभाग के प्रमाण अपर्याप्त है, ऊपर दिए गए पुराशेष (मध्य द्वितीया शताब्दी ई.पू.) इस बात को बताती है कि कनान में कुछ हित्ती लोग पाए जाते थे जो अनातोलियन-सीरिया

साम्राज्य से निकले थे। परन्तु, अब्राहम के समय से पहले इस बात का कोई प्रमाण नहीं था और न ही कोई संकेत था कि वे सदूर दक्षिण में हेब्रोन की ओर चले गए थे।

तीसरी संभावना अब्राहम के काल के हेब्रोन के हित्तियों की पहचान के लिए शेष रह जाती है, और कुछ वे लोग जिनके नाम बाद के बाइबल के इतिहास में पाए जाते हैं। यह प्राचीन हित्ती "हित्ती के पुत्रों" के नाम से जाने जाते थे, और यह उपाधि "हित्ती" व्यंजक इब्री के समरूप है;[7] इसलिए, यह देखना आसान है कि कैसे यह हित्ती अनातोलियन हित्तियों का साथ भ्रांत खड़े करते हैं। वंशावली के अनुसार (10:15) हेत्त कनान की संतान के रूप में दर्शाया गया है, जैसे कि यबूसी,एमोरी, हिव्वी और अन्य कनानी लोग थे (10:16-18)। चूंकि बाइबल में उपस्थित सभी हित्ती नाम यहूदी जैसे प्रतीत होते है, जैसे एप्रोन जोहर, उरियाह, इसलिए कनान के निवासियों के समूहों के साथ उनके संबंध का होना निश्चित ही प्रतीत होता है।[8] इसके अलावा, गौर करने वाली बात यह भी कि अब्राहम को उनसे बातें करने में कोई कठिनाई नहीं हुई, जब यहेजकेल ने बाद में यरूशलेम नगर की चर्चा करते हुए लिखा, "और उस से कह, हे यरूशलेम, प्रभु यहोवा तुझ से यों कहता है, तेरा जन्म और तेरी उत्पत्ति कनानियों के देश से हुई; तेरा पिता तो एमोरी और तेरी माता हित्तिन थी" (यहेज. 16:3)। इंडो-यूरोपियन और अनातोलियन होने के आधारों के बजाए कनानी हित्ती होने की उनकी प्राचीन यादों को इसने अच्छे से सहेज के रखा है (10:15) ।[9]

आयत 4. अब्राहम ने नम्रता से यह माना कि वह उनके मध्य में **अतिथि** (גֵּר, *गेर,* एक परदेशी निवासी) और **परदेशी** था (תּוֹשָׁב, *थोशाब,* "एक भूमिहीन") अप्रवासी था।[10] इसका अर्थ है कि उनकी किसी भी भूमि को स्थाई रुप से प्राप्त करने का उसे कानूनी अधिकार नहीं था। अब्राहम के यह मान लेने के बाद कि कनान में उसके पास कोई भूमि अधिकार नहीं है, उसका हित्तियों से निवेदन कि वे उसे सारा के लिए **कब्रिस्तान** की **भूमि दें** (נָתַן, *नेतन)* अजीब लगता है। परन्तु, नेतन की परिभाषा "दे" की बजाय "बेच" हो सकती है, और 23:4, 9 में सही अर्थ यही है, जैसा कि संदर्भ दिखाता है (NIV; NJPSV)। अब्राहम "कब्र के लिए सम्पत्ति" खरीदना (אֲחֻזָּה, *चुज़्ज़ा)* चाहता था (NKJV)।

आयतें 5, 6. हालांकि **अब्राहम** ने अपना वर्णन एक परदेशी और भूमिहीन आप्रवासी के रुप में किया, **हित्तियों** का उसके प्रति बर्ताव मित्रतापूर्ण और सहानुभूति का था क्योंकि उसने अपनी पत्नी को खो दिया था। उन्होंने उस कुलपति को किसी ऐसे साधारण विदेशी, डेरा डालने वाले के रुप में नहीं देखा जिसका वे सहजता से लाभ उठा सकें. इसके विपरीत, उसका बड़ा आदर किया जाता था, वे उसे एक **बड़ा प्रधान** के रुप में देखते थे (נְשִׂיא אֱלֹהִים, *इलोहिम)*।[11] ये हित्ती लोग, और कनान के दक्षिणी भाग में रहने वाले अन्य लोग भी, अब्राहम को एक सामर्थशाली और समृद्ध पड़ोसी के रूप में जानते थे। शायद वे उसे ईर्ष्या और डर के साथ देखते थे, क्योंकि वह उनके मध्य में विशाल झुण्डों और पशु समूहों, और उसी के साथ सैकड़ों चरवाहों-योद्धाओं के साथ रहता था (देखें 14:14)।

इन लोगों ने सुना होगा कि मिस्र के फ़िरौन और पिलिश्तियों के राजा दोनों

ने ही अब्राहम के परमेश्वर का कोप सहा है (12:10-20; 20:1-18)। इसी के साथ, वे उसे इस प्रकार से जानते थे जिसका "परमप्रधान ईश्वर यहोवा, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है," के साथ विशेष संबंध है (14:22)। हित्तीयों ने, अबीमेलेक की तरह (21:22), यह मान लिया था कि परमेश्वर ने अब्राहम को प्रचुरता से आशीषित किया है और उसे सफल बनाया है। इसीलिए, उन्होंने उसे प्रोत्साहित किया कि वह अपनी पत्नी की देह को **उनकी कब्रों में से जिसको वह चाहे** उस कब्र में गाड़े।

आयत 7. जबकि हित्ती इस सामर्थशाली आप्रवासी को उसकी पत्नी की देह को अपनी कब्र में दफ़नाने देने के लिए स्वेच्छा से तैयार थे, अब्राहम वैसा नहीं चाहता था। इसलिए, **अब्राहम उठकर खड़ा हुआ** और उसने **हित्तियों** (जो कि हेत के वंशज थे) को **दण्डवत्** किया। खरीद-फरोख्त की बातचीत अक्सर तब होती थी जब उसमें भाग लेने वाले बैठे होते थे (23:10; रूत 4:1-4)। तो, भूमि की खरीद फरोख्त की बातचीत शुरु करने से पहले, उस कुलपति ने नगर के प्रमुख पुरुषों का दण्डवत् करते हुए सम्मान किया।

आयतें 8, 9. अब्राहम ने हित्तियों से बातचीत की शुरुआत, सारा की देह उनकी कब्रों में से एक में **गाड़ने** की अनुमति के लिए उनका धन्यवाद देते हुए की। उसका निवेदन था कि वे भूमि के इस टुकड़े, **मकपेला की गुफ़ा**,[12] जो उसकी भूमि की सीमा पर है, उसकी खरीदारी की बातचीत में उसकी ओर से मध्यस्थ होने के लिए, भूमि के मालिक, **सोहर के पुत्र एप्रोन से उसके लिए विनती करें**। अपना प्रस्ताव इस प्रकार रख कर, उस कुलपति ने भूमि के स्वामी से सीधे तौर पर सम्पर्क ना करने की निकट पूर्वी क्षेत्र की प्राचीन परम्परा का पालन किया।

अब्राहम ने उस **कब्रिस्तान** की भूमि का **पूरा दाम** देने का प्रस्ताव रखा। वह सम्पूर्ण भूमि की कीमत चुकाने के लिए क्यों तैयार था, जबकि उसे केवल उस गुफ़ा की आवश्यकता थी? मालिक एप्रोन और अब्राहम की 23:8-16 वाली बातचीत पर शायद हित्ती कानून[13] का प्रभाव रहा होगा। पूर्व का हित्ती कानून एक सम्पत्ति के स्वामी को उस नगर या क्षेत्र के शासकों को सामंती सेवा देने के लिए बाध्य होता था, जहां वह रहता था। ऐसी सेवा में कर चुकाने के अतिरिक्त, आक्रमण होने की स्थिति में अपनी स्वयं की सेवा में लगे सैनिक देना भी शामिल हो सकता है।[14] अब्राहम अपने परिवार की भविष्य की पीढ़ियों के कब्रिस्तान के लिए वह गुफ़ा चाहता था, और एप्रोन सामंती सेवा करने कि ज़िम्मेदारी से बचने के लिए उस पूरे टुकड़े को बेचना चाहता था।

कुछ लोग सोचते हैं कि यह हित्ती कानून अब्राहम पर लागू नहीं करता होगा इनमें से किसी एक या अधिक कारणों से (1) हित्ती कानून की तिथि अब्राहम के काल से कुछ दो सौ साल बाद की है, तो हम यह नहीं जानते कि क्या उस कुलपति के जीवन काल के दौरान यह कानून प्रयोग में था। (2) यदि वह अब्राहम के जीवनकाल में प्रयोग में था भी, तो हमें इस बात की निश्चितता नहीं है कि क्या उसका पालन दक्षिण के छोर, हेब्रोन, तक किया जाता था। (3) कोई सबूत नहीं है कि हेब्रोन के शेमी हित्तीयों (हेथाइट) का एशिया माइनर के भारत-

युरोपीय हित्तियों से कोई भी सजातीय संबंध नहीं था, और यदि था भी, तो कुछ भी यह संकेत नहीं देता कि दक्षिण कनान में लोग इस कानून का पालन करते थे।

आयतें 10, 11. एप्रोन हित्तियों के बीच बैठा था, और जो भी कहा गया था वह उसने सुन लिया था। उसने **अब्राहम को** इस प्रकार से **उत्तर दिया** कि **नगर के फाटक** पर बैठे हेत के पुत्र उसे सुन सकें। शुरुआत में, उसने कुलपति के प्रस्ताव के प्रति नरमाई से जवाब देते हुए आपत्ति जताई **हे मेरे प्रभु, ऐसा नहीं ... वह भूमि मैं तुझे देता हूँ, और उसमें जो गुफ़ा है, वह भी मैं तुझे देता हूँ।** फिर उसने अपने आप को दोहराया, यह कहते हुए, **मैं उसे तुझको दिए देता हूँ; अतः अपने मृतक को कब्र में रख।** एप्रोन ने तीन बार यह कहा कि वह इस भूमि और गुफ़ा को इस धनी और सामर्थशाली आप्रवासी को "देगा।" एप्रोन का यहाँ तीन बार इस क्रिया *नेतन* ("देना") का प्रयोग करना अब्राहम के तीन बार उस क्रिया *नेतन* ("बेचना या भुगतान करना"; NIV) के प्रयोग से मेल खाता है जो आयत 9 और 13 में हैं।

आयत 12. फिर, **अब्राहम ने उस देश के निवासियों के सामने दण्डवत् किया** (देखें 23:7)। उसने आभार व्यक्त किया कि एप्रोन उसको वह सम्पत्ति बेचने के लिए तैयार है ताकि वह अपनी पत्नी को दफ़ना सके। उसने उनके "समक्ष दण्डवत" करते हुए उनके व्यवहार के प्रति अपना आदर और आभार व्यक्त किया।

आयत 13. कुलपति ने **देश के लोगों के सामने एप्रोन से विनती की: यदि तू ऐसा चाहे, तो मेरी सुन: उस भूमि का जो दाम हो, वह मैं देना चाहूँगा।** अब्राहम को अब यह एहसास हो गया था कि अपने परिवार के कब्रिस्तान के लिए इस स्थान को प्राप्त करने की एकमात्र आशा है गवाहों के सामने सम्पूर्ण भूमि खरीदने के एक औपचारिक समझौते में प्रवेश करना। इसलिए उसने यह निवेदन किया कि एप्रोन उसका यह प्रस्ताव स्वीकार कर ले। उसे विश्वास था कि इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उसका आग्रह करना आवश्यक है।

आयतें 14, 15. अंततः **एप्रोन अब्राहम** को उत्तर देने के द्वारा अपनी वचनबद्धता देने के लिए मजबूर हो गया। उसने **भूमि की कीमत चार सौ चांदी के शेकेल पर ठहराई।** इस मांगी हुई कीमत को निश्चित रूप से क्षेत्र के बाज़ार भाव से आंका नहीं जा सकता क्योंकि उस समय में कनान में चांदी के शेकेल[15] के मूल्य का पता नहीं है। और, लिखित विवरण भूमि के आकार का कोई संकेत नहीं देता, जिसमें गुफ़ा भी शामिल है। तीन प्राचीन लिखित वर्णन हैं (चौदहवीं से तेरहवीं शताब्दी ई.पू.) यूगैरिट से, जो कि सीरिया के उत्तरी समुद्र तट पर है, जो चार सौ चांदी के शेकेल में हुई अचल सम्पत्ति की खरीदारी का उल्लेख करते हैं।[16] परन्तु, इन सम्पत्तियों का आकार उससे काफ़ी बड़ा रहा होगा जो अब्राहम ने खरीदी थी।

पुराने नियम में कई सम्पत्तियों के खरीद फरोख्त का उल्लेख है। याकूब ने हमोर के पुत्रों से एक भूमि का टुकड़ा एक सौ कसीतों में खरीदा था (33:19। इस उदाहरण से तुलना करने में समस्या यह है कि तोलने का परिमाण अनिश्चित है, वह शेकेल से कम या अधिक भी हो सकता था। दाऊद ने मंदिर के लिए भूमि छह सौ सोने के शेकेल में खरीदी थी (1 इतिहास 21:25), हालांकि उसने अरौना के खलिहान के लिए केवल पचास चांदी के शेकेल का भुगतान किया था (2 शमूएल

24:24)। ओम्री ने शोमरोन के पहाड़ को छह हज़ार शेकेल में खरीदा था (1 राजा 16:24)। इन मामलों में, ऐसा प्रतीत होता है कि सम्पत्ति का आकार (खलिहान को छोड़कर) उससे कई बड़ा था जो अब्राहम ने खरीदी थी। बाद में, संकुचन के समय में, यिर्मयाह ने अनातोत में केवल सत्रह शेकेल में भूमि खरीदी थी (यिर्म. 32:9)।

ये तुलनाएं सुझाती हैं कि शायद एप्रोन बहुत ऊंची कीमत मांग रहा था। फिर भी, एप्रोन इस प्रकार बर्ताव कर रहा था जैसे चार सौ शेकेल एक तुच्छ राशी है: "पर (वह) **तेरे और मेरे बीच में क्या है? अपने मृतक को कब्र में रख।** एप्रोन कह रहा था, "हम दोनों ही इतने धनी हैं कि कीमत रुकावट नहीं होनी चाहिए, तू आगे बढ़ और अपनी पत्नी को दफ़न कर दे।"

आयत 16. चाहे **एप्रोन** द्वारा भूमि के लिए मांगी गई कीमत उचित थी या नहीं, **अब्राहम** ने न ही उसपर मतभेद जताने का प्रयत्न किया और ना ही उसे कीमत घटाने के लिए विवश किया। लिखित वर्णन बताता है कि **अब्राहम ने एप्रोन की मानकर उसको उतना रूपा तौल दिया जितना उसने हित्तियों के सुनते हुए कहा था**। यह हित्तियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ताकि यह खरीदारी वैध ठहरे। क्योंकि यह सब कुछ सरेआम सम्पन्न हुआ और क्योंकि चांदी **व्यापारियों** के स्तर पर तोली गई थी, भविष्य में भूमि के स्वामित्व को लेकर कोई मतभेद होने की संभावना नहीं रह गई थी।

निकट पूर्वी जगत में तराज़ू और वज़न में भिन्नता होती थी, तो एक ऐसे स्तर की आवश्यकता थी जो दोनों पक्षों के लिए उचित ठहरे। इसीलिए, अब्राहम ने व्यापारियों द्वारा "वर्तमान में प्रयोग किए जाने वाले वज़न" का इस्तेमाल किया (NRSV; ESV)। अलफ्रेड जे. हर्थ यह प्रस्ताव रखते हैं कि कुलपति ने, नगर द्वार के अंदर स्थित बाज़ार से, तराज़ू उधार लिए थे, और चार सौ शेकेल का वज़न करीब दस पाउण्ड था। वे आगे यह अनुमान लगाते हैं कि अब्राहम का उस द्वार पर इतनी चांदी के साथ होना असामान्य नहीं था, क्योंकि वह कोई सम्पत्ति खरीदने की मंशा रखे था।[17]

मकपेला की गुफ़ा में सारा का दफ़नाया जाना (23:17-20)

[17]इस प्रकार एप्रोन की भूमि, जो मम्रे के सम्मुख मकपेला में थी, वह गुफ़ा समेत और उन सब वृक्षों समेत भी जो उनमें और उनके चारों ओर सीमा पर थे, [18]जितने हित्ती उसके नगर के फाटक से होकर भीतर जाते थे, उन सभों के सामने अब्राहम के अधिकार में पक्की रीति से आ गई। [19]इसके पश्चात अब्राहम ने अपनी पत्नी सारा को उस मकपेला वाली भूमि की गुफ़ा में, जो मम्रे के अर्थात हेब्रोन के सामने कनान देश में है, मिट्टी दी। [20]इस प्रकार वह भूमि गुफ़ा समेत जो उसमें थी, हित्तियों की ओर से कब्रिस्तान के लिए अब्राहम के अधिकार में पक्की रीति से आ गई।

आयतें 17, 18. भूमि की खरीदारी का विवरण संक्षेप में दिया गया है उसके कानूनी और बाध्य करने वाले स्वरूप कि पुष्टि करने के लिए। वह **एप्रोन की भूमि थी, मम्रे** के सम्मुख, **मकपेला में थी**, और उस **गुफ़ा समेत और उन सब वृक्षों समेत भी जो उसमें और उसके चारों ओर सीमा पर थे**,[18] अंकित की हुई सारी वस्तुएं **अब्राहम के अधिकार में पक्की रीति से आ गई**, और यह **हित्तियों** की उपस्थिति में हुआ, जो **नगर के फाटक** पर गवाह थे। "अधिकार में पक्की रीति से आ गई" का अनुवाद, जो कि 17 और 20 आयतों में आते हैं, यह सूचित करता है कि इस लेन देन में लिखित दस्तावेज़ शामिल था। परन्तु, उस इब्रानी शब्द קוּם *(कुम)* का अनुवाद साधारणतया किया जा सकता है "को दे दिया" (NRSV; NJPSV) या "हस्तांतरित किया" (NLT)।[19] स्थिति जो भी हो, उस सहमति के दस्तावेज़ ने अब्राहम और उसके वंशजों को मकपेला कि उस भूमि और उसमें के सारे पेड़ों पर निर्विवाद दावा करने का अधिकार दिया, और प्रतिज्ञा के देश का यह पहला टुकड़ा था जिसे अब्राहम वास्तव में अपना कह सकता था।

आयत 19. कुलपति के उस कानूनी लेन देन के हो जाने के बाद, **अपनी पत्नी सारा को मकपेला वाली भूमि की गुफ़ा में, जो मम्रे के अथार्त हेब्रोन के सामने कनान देश में है, मिट्टी दी**। ऐसा करके उसने उसे एक उचित कब्र से सम्मानित किया, जो कि उन भविष्य के यहूदी लोगों की माता थी जिनमें से एक दिन मसीहा आने वाला था (मत्ती 1:1-16)। इसके अतिरिक्त, उसने अपने वंशजों को कनान की भूमि से जोड़ दिया था, जिसे एक दिन वे अपनी सम्पत्ति के रूप में स्वीकार करने वाले थे। सारा के अतिरिक्त, मकपेला की गुफ़ा में दफ़नाए जाने वालों में अब्राहम, इसहाक, रिबका, लिआ और याकूब शामिल हैं (25:9, 10; 49:29-32; 50:13)।

कुलपतियों की कब्र हेब्रोन में मकपेला की गुफ़ा का एक परंपरागत स्थल है, जिसे सदियों से यहूदियों, मसीहियों और मुसलमानों द्वारा सम्मानित किया जाता आया है। वास्तव में, वर्तमान में जो परिसर की दीवार है वह हेरोदेस राजा के समय में बनाई गई थी। हालांकि, वहाँ से पूर्व इस्राएली काल की वस्तुओं की खोज की गई है, पर कुलपति के काल का कुछ भी प्रमाणित नहीं किया गया है।

आयत 20. इस अध्याय का दोहराया जाने वाला समापन है: **इस प्रकार वह भूमि गुफ़ा समेत जो उसमें थी, हित्तियों की ओर से कब्रिस्तान के लिए अब्राहम के अधिकार में पक्की रीति से आ गई।** कुलपति के उस भूमि को प्राप्त करने के बारे में दोबारा वर्णन करते हुए, वर्णनकर्ता इस खंड की सबसे महत्वपूर्ण घटना पर ज़ोर दे रहा था: अब्राहम का कनानियों से भूमि खरीदना, जो कि आने वाली बातों का अग्रगामी थी।

अनुप्रयोग

मृत्यु के समय पर (अध्याय 23)

मृत्यु किसी व्यक्ति का लिहाज़ नहीं करती। इससे विपरीत, वह सभी को

समान रखती है। वह जवान और बूढ़े, धनवान और निर्धन, पुरुष और स्त्री को, उनकी परिस्थितियों की परवाह किए बिना ले जाती है। मृत्यु एक बिन बुलाए घुसपैठिए के समान आती है, विवाह की, घर की, और कभी कभी समाज की रचना को तोड़ते हुए। शोक का समय आया दाऊद के लिए (2 शमूएल 12:15-23), अय्यूब के लिए (अय्यूब 1:20), यिर्मयाह और यहूदा के लोगों के लिए (2 इतिहास 35:20-25), और यीशु और उसके मित्रों के लिए भी (यूहन्ना 11:31-36)। पौलुस ने मृत्यु को "आखरी शत्रु" बुलाया (1 कुरि. 15:26)। चाहे वह जीवन में जब भी आए, मृत्यु शोक का कारण बनती है जब वह किसी प्रियजन को ले जाती है।

हमारा वचन कहता है, अब्राहम सारा के लिए रोने पीटने के लिए वहाँ गया (23:2)। जब वह कुलपति उस तंबू में अपनी पत्नी सारा के लिए शोक करने गया, तब निश्चित रूप से कई यादें उसके दिमाग में उमड़ पड़ी होंगी। उसने एक सौ वर्ष या उससे भी अधिक समय के विवाह को स्मरण किया होगा - उन दोनों के एक साथ रहने के दौरान आए उतार चढ़ाव को। निःसंदेह उसने यह सोचा होगा कि वह कितनी प्रेममय और विश्वसनीय पत्नी रही थी और उसे उसकी कमी का कितना एहसास होगा, बावजूद इसके कि उन वर्षों के दौरान उनके बीच कितने ही अंतर और असहमतियां हुई। शायद उसे याद आया होगा कि उसने हाजिरा के प्रति अपने क्रोध और ईर्ष्या के लिए उसे दोषी ठहराया था, इश्माएल के जन्म के कारण (16:1-6) और वह उसकी उस मांग से कितना व्याकुल और पीड़ित हुआ कि वह उन्हें दूर भेज दे, दोबारा कभी ना लौटने के लिए (21:8-14)। परंतु, निश्चित रुप से उसे यह भी याद आया होगा कि उनकी कुछ समस्याएं उसके अपने स्वार्थ भरे कामों और विश्वास में खामियों के कारण आई थी।

सबसे अधिक, शायद उसने इस बात पर मनन किया होगा कि परमेश्वर ने किस प्रकार, अपने अनुग्रह में, उनके जीवनों को आशीषित किया था, उनके पापों और कमज़ोरियों के बावजूद। बिल्कुल, उन्होंने बड़े हर्ष को बांटा होगा जब, पुत्र को पाने की सारी मानवीय आशा के लुप्त हो जाने के बाद, परमेश्वर ने चमत्कारी ढंग से उनके बूढ़े शरीरों में जान डाली और उन्हें इसहाक को, जो की प्रतिज्ञा की संतान था, जन्म देने की सामर्थ्य प्रदान की (21:1-7)। हर्ष मनाने का एक और समय तब रहा होगा जिस दिन अब्राहम घर लौटा और सारा से वह सारी कहानी बताई की किस तरह परमेश्वर ने उनके लाड़ले बेटे इसहाक को, होरब परबत पर, मृत्यु से बचाया (22:1-12)। उसने याहवे की नवीकृत प्रतिज्ञा को प्रसारित किया होगा: की उसकी आशीष इनके पुत्र पर होगी, जिसके वंशज आगे चलके, "समस्त राष्ट्रों को आशीष लाएंगे" (22:18)। इस आश्वासन ने अब्राहम और सारा को उनके अंतिम दिनों में बहुत प्रोत्साहन दिया होगा, जैसे उन्होंने इसहाक को पुरुषत्व में बढ़ते देखा होगा।

हम नहीं जानते की शोक के उस घर में अब्राहम के मन से कौन से विचार गुज़रे होंगे: परन्तु क्योंकि उसे "विश्वास वालों का पिता" (देखें रोमियों 4:16) बुलाया गया है, तो निश्चित रूप से यह लगता है की उसने इस बात पर मनन

किया था की सारा केवल एक अच्छी पत्नी ही नहीं, परन्तु एक "पवित्र" और "परमेश्वर में आशा रखने वाली" भी थी (1 पतरस 3:5)। विश्वास से, वह दोबारा उसके साथ होने की आशा कर सकता था "उस नगर में जिसकी नींव परमेश्वर है, जिसका रचने वाला और बनाने वाला परमेश्वर है" (इब्रा. 11:10)। यही आशा आज परमेश्वर के लोगों की ओर बढ़ाई गई है।

जैसे हम मृत्यु का सामना करते या किसी प्रियजन के इस जीवन से चले जाने का शोक करते हैं, यादें एक बड़ी आशीष हो सकती है उन प्रतिज्ञाओं के कारण जो हमें मसीह में मिली हैं (यूहन्ना 5:24-29; 11:25, 26)। यादें बड़ी मानसिक व्यथा का कारण भी हो सकती हैं; वे लोगों से जीवन के आनंद और भविष्य की आशा को चुरा सकती हैं। यादों का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है की हम अपने बीते कामों को किस तरह देखते हैं। अपने पापों को याद करना अच्छा और स्वास्थ्यकर हो सकता है यदि वह हमारे परमेश्वर के सामने पश्चाताप करने का कारण बने और उनके साथ हमारे सम्बन्ध सुधारे जिनको हमने चोट पहुंचाई है। तब परमेश्वर हमारे पापों को क्षमा करेगा और "फिर [हमारे] पापों को स्मरण न करेगा" (इब्रा. 8:12; देखें 10:17)।

एक तरह से, हम मृत्यु के सामने अब्राहम के साथ एक ही स्थान पर खड़े हैं। हम परमेश्वर की वास्तविक आवाज़ में आश्वासन पाना चाहते हों, परन्तु स्वर्ग खामोश है। दूसरी तरह से, हमारा विश्वास उस कुलपति के विश्वास से अधिक निश्चित आशा में स्थापित है। इब्रानियों के लेखक ने एक विषमता को प्रस्तुत किया: पूर्व युग में परमेश्वर ने बातचीत की "बापदादों से" (अब्राहम से और जो उसके बाद आए); परन्तु "इन अंतिम दिनों में [उसने] हमसे पुत्र के द्वारा बातें की" (प्रेरितों और अन्य के द्वारा जिन्होंने उसे सुना था) (इब्रा. 1:1, 2; 2:3, 4)। परमेश्वर ने, यीशु के द्वारा, मृत्यु पर अंतिम शब्द बोल दिया है - वास्तविक आवाज़ में (यूहन्ना 5:24-29; 11:23-26, 38-44) और प्रदर्शन के द्वारा (यूहन्ना 20:19-31) - उसके महिमामय पुनरुत्थान के प्रत्यक्षदर्शी गवाहों से। हमारा विश्वास किसी काल्पनिक विचार पर आधारित नहीं है, परन्तु ऐसे पुरुषों की सच्ची गवाही पर जिन्होंने प्रभु को मृत्यु के पश्चात जीवित देखा था। उन्होंने सुसमाचार (खुश ख़बरी) की घोषणा करने के लिए स्वेच्छा से अपना सब कुछ बलिदान कर दिया, ताकि हम उसके पुनरुत्थान में सहभागी हो सकें अनंतकाल के जीवन तक (1 कुरि. 15:1-8, 20-26, 50-58; 1 थिस्स. 4:13-18)।

बाइबलीय स्मारक (अध्याय 23)

अब्राहम ने अपनी पत्नी के लिए एक स्थायी स्मारक की स्थापना की। वह केवल उसकी देह के लिए एक विश्राम स्थान ही नहीं चाहता था, जो आने वाली पीढ़ियों द्वारा भुला दिया जाए। इसके बजाय वह एक भूमि में गुफ़ा चाहता था - एक स्थायी कब्रिस्तान जिसे उसके वंशज सदा एक ऐसे स्थान के रूप में याद करें जहाँ एक महान लोगों की माता है।

बाइबलीय विश्वास के एक महत्वपूर्ण पहलू में ऐसे लोगों के स्मारक शामिल

हैं जिन्हें परमेश्वर ने आशीषित किया और इतिहास में अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उपयोग किया (देखें इब्रा. 11)। परमेश्वर की महान उद्धार संबंधी घटनाओं को पीछे मुड़कर देखते हुए, विश्वासियों को, याद करके प्रोत्साहित और अपने शारीरिक और आत्मिक पूर्वजों के विश्वास के प्रति दोबारा वचनबद्ध हो जाना चाहिए। किसी कब्रिस्तान के होने में, जहाँ आपका एक प्रियजन दफ़न है, और उस तक पहुंचने के लिए चिन्ह लगाने में कुछ गलत नहीं है। यह उनका आदर करने का एक तरीका है जिन्हें हमने जीवन में प्रेम किया और जो हमसे पहले चले गए हैं। यह हमें याद दिलाता है की हम कौन हैं, हम कहाँ से आए हैं, और हम कहाँ जा रहे हैं। यह विशेषकर तब सत्य है जब मृतक, परमेश्वर की एक विश्वसनीय संतान था, जैसे की सारा थी, क्योंकि यह हमें प्रोत्साहन देता है और जीवन के लिए दिशा और उद्देश्य देता है।

बाइबल में स्मारक लोगों को ऊँचा उठाने के एकमात्र उद्देश्य से नहीं थे। "विश्वास के नायकों" (इब्रा. 11) ने भी पाप किया और अपने जीवन में परमेश्वर की इच्छा करने से चूक गए। दाऊद को, उदाहरण के लिए, बाइबल में "सबसे बड़े संत और सबसे बड़े पापी" के रूप में पहचाना गया है। तिहत्तर भजन उसके नाम हैं, परन्तु उसी के साथ व्यभिचार और हत्या के पाप भी (2 शमूएल 11:2-4; भजन 32; 51)। सभी प्रेरितों में से, पौलुस को अकेले ऐसा व्यक्ति माना गया है जिसने सुसमाचार फैलाने के लिए दूसरों से अधिक कार्य किया। यह सच होगा; परन्तु उसके गर्म दिमाग के कारण उसे बरनबास से अलग होना पड़ा, जो की उसका पूर्व सहकर्मी था, बजाय दूसरी मिशनरी यात्रा को जॉन मार्क (मरकुस) को साथ ले जाना के, जो पहली यात्रा में उनका साथ छोड़ गया था (प्रेरितों 13:13; 15:36-41)।

जिन स्मारकों को परमेश्वर ने इस्राएलियों को नियत समय की आराधना में पालन करने के लिए दिया था वे बाइबल के महान पुरुष और स्त्रियों के आदर के लिए नहीं हैं। नाशवान जीवों के प्रति श्रद्धा खतरनाक है क्योंकि यह मनुष्य को ऊंचा उठाती है - देवता सदृश्य होने की हद्द तक, जिससे संत लोग उपासना और प्रार्थना वस्तु बन जाते हैं। दूसरी ओर, पुराने नियम में परमेश्वर के लोग अक्सर विभिन्न स्थानों पर पत्थर के स्मारक स्थापित करते थे जहाँ वे आराधना करते और प्रभु की उपस्थिति और सामर्थ्य का अनुभव करते। यह हुआ सीनै पर्वत पर (निर्गमन 24:4), यरदन नदी/गिलगाल पर (यहोशू 4:7-9, 20), शकेम में (यहोशू 24:25, 26), और अन्य स्थानों पर। परमेश्वर के कार्यों के प्रति स्थापित पत्थरों के स्मारक भी अपना महत्व खो देते हैं जैसे आने वाली पीढ़ियां समय और दूरी के साथ इन स्थानों से दूर होते जाते हैं जहाँ वे घटनाएँ घटी थीं।

बाइबल के सबसे अधिक अर्थपूर्ण स्मारक समय और विशेष स्थानों से बंधे नहीं थे। इसके विपरीत, इनमें आराधना के कार्य शामिल थे, परमेश्वर के सामर्थी कार्यों के स्मरण में, जो विश्वासियों के दिलों को हिला देते और उन्हें विशेष दिनों पर और अर्थपूर्ण तरीकों से उसकी आराधना करने में अगुवाई करते हैं।

उदाहरण के लिए, जब परमेश्वर ने इस्राएल को मिस्र में दासत्व की कड़ी

मेहनत से विश्राम के लिए सब्त दिया, तो उसकी अपेक्षा थी की वे उसको सराहें और उसका पालन करें, उस विश्राम के स्मरण में जो उसने छह दिन सृष्टि को बनाने के बाद किया था (निर्गमन 20:10, 11; देखें उत्पत्ति 2:1-3)। लगभग चालीस साल निर्जन प्रदेश में भटकने के बाद, परमेश्वर ने, मूसा के द्वारा, इस्राएल को पुनः सब्त की आज्ञा दी। इस बार, उसने इसे सिद्धान्तिक रूप से उनके मिस्र से निर्गमन से जोड़ दिया, ताकि लोग इसका पालन उसके प्रति आभार व्यक्त करते हुए करें जो उसने उन्हें मिस्र के दासत्व से छुड़ाने में किया था (व्यव. 5:12-15)।

स्मारक पालन का गहरा महत्व फसह के पर्व और उसके बाद सप्ताह भर चलने वाले अखमीरी रोटी के पर्व में पाया जाता है, इन दोनों को पहली शताब्दी में साधारणतया "फसह" कह के संबोधित किया जाता था। जब मूसा ने इस्राएलियों को फसह के पालन के विषय में निर्देश दिए, उसने उनसे कहा, "इस दिन को स्मरण रखो, जिसमें तुम लोग दासत्व के घर, अर्थात मिस्र से निकल आये हो; यहोवा तुमको वहां से अपने हाथ के बल से निकाल लाया" (निर्गमन 13:3)। उसने इस चेतावनी के साथ कहना जारी रखा, "यह हम उसी काम के कारण करते हैं, जो यहोवा ने हमारे मिस्र से निकल आने के समय हमारे लिए किया था" (निर्गमन 13:8)।

इस्राएल को फसह का पालन एक घटना के रूप में नहीं करना था जिसे याहवे ने दूर अतीत में अपने लोगों के लिए घटित किया था। इसके विपरीत, वह आज्ञा व्यक्तिगत भाव देकर और वर्तमान में लाई गई थी। तीन हज़ार वर्ष से अधिक समय से, हर वर्ष फसह पर, यहूदी इस परिच्छेद को यह कह कर ऊंची आवाज़ में सुनाते थे, "यह हम उसी काम के कारण करते हैं, जो यहोवा ने हमारे मिस्र से निकल आने के समय हमारे लिए किया था" (निर्गमन 13:8)। यह एक अच्छा तरीका है यादगार मनाने का और उस महान उद्धार संबंधी घटना में प्रवेश करने का। मूल में, प्रत्येक पीढ़ी यह कह रही है, "इस्राएल का इतिहास मेरा इतिहास है।" मिशनाह यह कहता है, "हर पीढ़ी में एक मनुष्य को अपने आप को ऐसा समझना चाहिए जैसे की वह स्वयं मिस्र से आया था।"[20]

एक तरह से, मसीही भी आराधना में मसीह के क्रूस को यादगार बनाते हुए ऐसा ही करते हैं। एक पुराना भजन सामान्य रूप से यह बार बार पूछता है, "क्या तुम वहां थे जब उन्होंने मेरे प्रभु को क्रूस पर चढ़ाया?" उत्तर है "हाँ।" एक तरह से हम सभी वहाँ थे क्योंकि उसका क्रूस वास्तव में हमारा क्रूस था। हम थे जिन्हें मरना चाहिए था; परन्तु उसने हमारा स्थान लिया "क्रूस पर उसके शरीर पर हमारे पाप" उठाए हुए (1 पतरस 2:24)। वही "परमेश्वर का मेम्ना है जो जगत का पाप उठा ले जाता है" (यूहन्ना 1:29)। इसीलिए पौलुस कुरिन्थवासियों से कह सकता था, "क्योंकि हमारा भी फसह, जो मसीह है, बलिदान हुआ है" (1 कुरि. 5:7)। गलातिवासियों को, वह दृढ़ता से कहता है, "मैं मसीह के साथ क्रूस पर चढ़ाया गया हूँ, अब मैं जीवित न रहा, पर मसीह मुझ में जीवित है; और मैं शरीर में अब जो जीवित हूँ तो केवल उस विश्वास से जीवित हूँ जो परमेश्वर के पुत्र पर है, जिसने

मुझसे प्रेम किया और मेरे लिए अपने आपको दे दिया" (गला. 2:20)।

पौलुस ने क्रुसीकरण को व्यक्तिगत बनाया, जिस प्रकार यहूदी फसह को करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति यीशु के विषय में कह सकता है, जैसा प्रेरित कहते थे, "जिसने मुझसे प्रेम किया और मेरे लिए अपने आपको दे दिया" (गला. 2:20)। अतीत की घटना - मसीह के क्रुसीकरण - को वर्तमान में लाया गया है और व्यक्तिगत बनाया गया है। इतिहास में पादटीका होने के बजाय, दो हज़ार वर्ष पहले मसीह की क्रूस पर मृत्यु एक वह ऊर्जस्वी घटना है जो हर नई पीढ़ी के लिए, जो सुसमाचार की घोषणा सुनती है, वास्तविक और विश्वासप्रद बन जाती है। यह जीवित स्मारक अच्छे और ईमानदार हृदय को छेदता है और परिवर्तन लाता है जैसे लोग उद्धार के निमित्त "परमेश्वर की सामर्थ्य" से प्रभावित होते हैं (रोमियों 1:15, 16; देखें इब्रा. 4:12)।

पौलुस ने बपतिस्मा में होने वाली एक पापी की विश्वास प्रतिक्रिया को, यीशु के मृत्यु, गाड़े जाने और पुनरुत्थान के प्रति एक व्यक्तिगत स्मारक के रूप में दर्शाया। उसने इस बात में एक वास्तविक बोध का अनुभव किया की हम उसकी मृत्यु में "उसके साथ एक हो जाते हैं" जैसे हमारा मसीह में बपतिस्मा होता है (रोमियों 6:3, 5)। विश्वास से, प्रत्येक मसीही मसीह की मृत्यु में प्रवेश कर चुका है ताकि अतीत वर्तमान में यथार्थ बन गया है। हम कह सकते हैं की यीशु की मृत्यु हमारी बन गई है। हमारे विश्वास के कारण, परमेश्वर ने उसके पुनरुत्थान को हमारा पुनरुत्थान बना दिया। हम उसके साथ ना केवल "गाड़े गए," परन्तु हम बपतिस्मा के पानी से ऊपर उठ आए ताकि "नए जीवन की सी चाल चलें" (रोमियों 6:4)।

यही सिद्धांत प्रभु भोज में भी लागू होता है। यह एक जीवित स्मारक है यीशु के शरीर और लहू के प्रति, जिसका पालन सभी स्थानों में रहने वाले मसीहियों को समय के अंत होने तक करना है। ऊपरी कमरे में प्रभु ने रोटी ली और कहा, "यह मेरी देह है जो तुम्हारे लिए दी जाती है; मेरे स्मरण के लिए यही किया करो" (लूका 22:19)। फिर उसने दाख के रस के विषय में कहा, "यह वाचा का मेरा वह लहू है, जो बहुतों के लिए पापों की क्षमा के निमित्त बहाया जाता है" (मत्ती 26:28)। इस कथन में उस समारोह की गूंज है जिसमें इस्राएल ने दस आज्ञाओं की वाचा की पुष्टि की थी सीनै पर्वत के नीचे, जब मूसा ने होमबालियों के कुछ लहू का छिड़काव वेदी पर और लोगों पर किया था।[21] उसने कहा, "देखो, यह उस वाचा का लहू है, जिसे यहोवा ने इन सब वचनों पर तुम्हारे साथ बाँधी है" (निर्गमन 24:8)। जब मसीही लोग रोटी में और दाख के रस में भाग लेते हैं, अतीत की क्रूस पर चढ़ाई गई यीशु की देह की बलि भेंट और हमारे पापों की क्षमा के लिए बहाया उसका लहू वर्तमान में जैसे दोहराए जाते हैं। अतीत और वर्तमान की घटनाएँ एक की जाती हैं एक महिमामय भविष्य की घटना के साथ। पौलुस ने लिखा, "क्योंकि जब कभी तुम यह रोटी खाते हो और इस कटोरे में से पीते हो, तो प्रभु की मृत्यु को जब तक वह न आए, प्रचार करते हो" (1 कुरि. 11:26)। एक क्रियाशील तरीके से, परमेश्वर के लोगों के हृदयों और जीवनों में

अतीत वर्तमान बन जाता है; यह हमें ढालता और आकर देता है ताकि हम भविष्य में प्रभु के आगमन की, अनंत जीवन में हमारे पुनरुत्थान की, आशा और अपेक्षा में जीवन व्यतीत करें।

समाप्ति नोट्स

[1]ब्रूस. के. वाल्ट के, *जेनेसिस: ए कमेन्ट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोनडरवन पब्लिशर्स, 2001), 317. [2]जेफ्री स एम. हैमिलटन, "किरिअथ-अर्ब," इन *दी एंकर बाईबल डिक्शनरी*, एड. डेविड नोएल फ्रीद मैन (न्यू यॉर्क: डबल डे. 1992), 4:84. [3]फिलिप एस. जोहन्सटन, "बरिअल एंड मौर्निंग," इन *दा डिक्शनरी आफ़ ओल्ड टेस्टामेंट: पेंटाट्यूक*, एड. टी डेस्मंड अलेक्स्ज़ेंदर एंड डेविड डब्लू. बेकर (डाउनअर्स ग्रोव, Ill.: इंटर वर्सिटी प्रेस, 2003), 105. विलाप करने के समय के बढाए जाने को बाद के महत्वपूर्ण अगुवों ने ध्यान दिया: यूसुफ़ (सत्तर दिन; 50:3), हारून (तीस दिन; गिनती 20:29), और मूसा (तीस दिन; व्यव. 34:8)। [4]जॉन ब्राइट, *द हिस्ट्री आफ़ इस्राएल*, 3दी एड. (फिलेडेलफिआ: वेस्टमिनिस्टर प्रेस, 1981)। 115. [5]नहूम एम. सरना, *जेनेसिस*, द जे.पी.एस टोरह कमेन्ट्री (फिलेडेलफिआ: जूइश पब्लिकेशन सोसाइटी, 1989), 396. [6]विक्टर पी. हैमिलटन, *द बुक आफ़ जेनेसिस: अध्याय 18-50*, द नवे इंटरनेशनल कमेंट्री आन द ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. आर्डमेंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1995), 128. हेब्रोन के हित्ती और वे जो अनतोलिया के थे के मध्य संबंधों की पुष्टि के लिए, देखें हैमिलटन, 127-28. [7]चूंकि पुराने नियम की इब्रानी में सिर्फ़ बाईस अक्षर होते है, जिसमे कोई लिखित स्वर या स्वरांकन बिंदु नहीं होते, NIV अनुवाद के कुछ प्रिंटिंग के छोर में लिखा नोट "हिथिते" (Hethite) को "हित्ती" का ही पर्यायक्रमिक मानता है पूरे अध्याय 23 में. [8]गोरडन जे. वेन्हम, *जेनेसिस 16-50*, वर्ड बिब्लिकल कमेन्ट्री, वोल. 2 (डलास: वर्ड बुक, 1994), 126. [9]हैरी ए. होफ्नर, जे.आर., "हित्तिस," इन *द पीपल आग ओल्ड तेस्तेंट वर्ल्ड*, एड. अल्फ्रेड जे. होरेथ, जेराल्ड आई. मल्टिंगली, एंड एडविन एम. यमुची (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक, 1994), 152-54. [10]कनान देश को अपने अधिकार में लेने के बाद यही शब्द इस्राएलियों के लिए इस्तेमाल हुआ था। उनका दर्जा तब तक परमेश्वर की भूमि एक "अजनबी/पराये" और अप्रवासी/किरायेदार का ही था (लैव्यस्था 25:23; 1 इतिहास 29:15; भजन 39:12)।

[11]हालांकि इब्रानी का अनुवाद इस प्रकार किया जा सकता है, अंग्रेज़ी का ASV अनुवाद शाब्दिक अर्थ देता है: "परमेश्वर का एक राजकुमार।" [12]"मकपेला" नाम शायद यह संकेत देता है कि वह एक "दोहरी गुफा" या "बंटी हुई गुफा" थी। (लुडविग कोहलर और वौल्टर बौमगाटनर, *द हिब्रू ऐण्ड ऐरमेयक लेक्ज़िकन औफ ओल्ड टेस्टमेंट*, स्टडी एड, ट्रांस. ऐण्ड एड. ऐम. ई. जे. रिचर्डसन [बौस्टन: ब्रिल, 2011], 1:581.) यह एक परम्परा थी कि मृत्कों को चट्टान में कटी या गुफा में बनी कब्रों में दफनाया जाता था, जिसका इस्तेमाल एक परिवार कई पीढ़ियों तक कर सकता था। [13]देखें अल्ब्रेच गोएत्ज़, ट्रान्स, "हित्तियों का कानून," इन *एन्शंट नियर ईस्टन टेक्स्ट्स रिलेटिंग टू दि ओल्ट टेस्टमेंट*, 3ड एड., एड. जेम्स बी, प्रिचर्ड (प्रिन्सटन, एन.जे.: प्रिनसटन युनिवर्सिटि, 1969), 191 (नम्बर 46, 47)। [14]देखें मैनफ्रेड आन. लेहमन, "एब्रहैम्स परचेस औफ मकपैला ऐण्ड हिट्टाइट लौ," *बुलेटिन औफ द अमेरिकन स्कूल औफ ओरीएंटल रिसर्च* 129 (फरवरी 1953): 15-18. [15]चांदी के सिक्कों की ढलाई वाला विकास काफी बाद में हुआ था, इसलिए चार सौ शेकेल की कीमत में शेकेल को तोल कर मापना शामिल होता था। [16]सरना, 160. [17]अलफ्रेड जे. हर्थ, *आरकेओलौजी ऐण्ड दी ओल्ड टेस्टमेंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिच.: बेकर बुक्स, 1998), 105-6. [18]मैनफ्रेड आन. लेहमन ने यह कहा कि "हित्ती व्यवसायिक दस्तावेज़ो की एक विशेषता यह होती थी कि उनमें प्रत्येक अचल सम्पत्ति के पेड़ों की यथार्थ संख्या का ब्यौरा सिलसेलेवार तरीके से रखा जाता था" (लेहमन, 18)। [19]उस क्रिया कुम का शाब्दिक अर्थ है "खड़ा हो" या "उठ," और इस

अध्याय में इससे पहले दो बार आता है (23:3, 7)। 23:17, 20 में KJV ने यह “निश्चित किया” है किया है। यह शब्द कथानक को ब्रैकेट करता है। [20]मिशनाह *पेसाहीम* 10.5.

[21]होमबलि प्रायश्चित बलियाँ होती थी जो लोगों के पापों से क्षमा पाने को लिए की जाती थी (लैव्य. 1:3-5; 4:13-21)।